Seat No. : _______________

# AT-108

**May-2016**

## B.A, Sem.-II

## EC-I-111 : Hindi

### छायावादोत्तर हिन्दी कविता

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

1. 'सिंदूर तिलकित भाल' कविता का भावार्थ लिखते हुए उसका मर्म समझाइए । **14**

**अथवा**

'बसंती हवा' कविता का भावार्थ लिखिए ।

2. 'चम्पा काले काले काले अच्छर नहीं चीन्हती' का भावार्थ लिखिए । **14**

**अथवा**

मुक्तिबोध का साहित्यिक परिचय लिखिए ।

3. टिप्पणी लिखिए : **14**

(अ) 'हिरोशिमा' की त्रासदी ।

**अथवा**

'नदी के द्वीप' का भावार्थ ।

(ब) 'गीतफरोश' में निहित कवि की वेदना

**अथवा**

'सन्नाटा' कविता का भावार्थ

4. ससंदर्भ व्याख्या लिखिए : **14**

(अ) जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम
संघर्ष का मैदान छोड़ मत भागो तुम
कुछ किये बिना ही जय जयकार नहीं होती
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती ।

**अथवा**

....... हमने
अर्थ भूख का कभी न जाना
हमें भूख का अर्थ बताना
भूखों इसकी आज समझ लो,
मरने का यह नहीं बहाना ।

(ब) आदमी का स्वप्न ? है बुलबुला जल का –
आज उठता और फिर कल फिर फूट जाता है,
किन्तु, फिर भी धन्य, ठहरा आदमी ही तो ?
बुलबुलों से खेलता, कविता बनाता है ।

**अथवा**

मखमल के परदों के बाहर, फूलों के उस पार,
ज्यों का त्यों है खड़ा आज भी मरघट-सा संसार ।

5. सूचना अनुसार उत्तर लिखिए :

(क) उचित विकल्प चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : **5**

(1) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन का उपनाम _______ है । ('अज्ञेय', सुमन, हरिऔध, दिनकर)

(2) _______ को भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ है । (धूमिल, 'अज्ञेय', निराला, प्रसाद)

(3) ' चाँद का मुँह टेढ़ा है' के रचनाकार _________ हैं । ('अज्ञेय', निराला, मुक्तिबोध, त्रिलोचन)

(4) भवानी प्रसाद मिश्र ________ के प्रमुख कवि हैं । (प्रयोगवाद, छायावाद, प्रगतिवाद, नई कविता)

(5) ________ हालावादी कवि माने जाते हैं । (हरिवंशराय बच्चन, त्रिलोचन, मुक्तिबोध, निराला)

(ख) उचित जोड़े मिलाकर पुन: लिखिए । **5**

| **रचनाकार** | **रचनाएँ** |
|---|---|
| मुक्तिबोध | हिमालय, परदेशी |
| रामधारी सिंह दिनकर | सतपुड़ा के जंगल, गीतफरोश |
| नागार्जुन | शासन की बंदूक, सिंदूर तिलकित भाल |
| भवानीप्रसाद मिश्र | बावरा अहेरी, नदी के द्वीप |
| 'अज्ञेय' | मुझे कदम कदम पर, कल और आज |

(ग) निम्नलिखित वाक्यों को लिखकर उसके सामने यथोचित सही-गलत (√-×) के निशान लगाइए : **4**

(1) रामधारी सिंह दिनकर ने महाकाव्य की भी रचना की है ।

(2) 'अज्ञेय' प्रगतिवाद के अगुवा कवि माने जाते हैं ।

(3) त्रिलोचन सप्तक के कवि हैं ।

(4) मुक्तिबोध ने कविता के अलावा निबंध, कहानी और समीक्षा भी लिखी है ।

Seat No. : _______________

# AT-108

**May-2016**

## B.A, Sem.-II

## EC-I : 111 : Hindi (Optional)

**(हिन्दी का व्यावहारिक व्याकरण)**

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**सूचना** : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. संज्ञा की परिभाषा देते हुए उसके प्रकारों को उदाहरण सहित लिखिए । **14**

**अथवा**

क्रिया किसे कहते हैं ? उसके मुख्य प्रकार उदाहरण सहित लिखिए ।

2. वाक्य की परिभाषा देते हुए रचना के आधार पर उसके भेद स्पष्ट कीजिए । **14**

**अथवा**

प्रत्यय की परिभाषा लिखकर उसके भेदों को उदाहरण सहित समझाइए ।

3. समास किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित उसके भेद लिखिए । **14**

**अथवा**

(क) सन्धि के प्रकार

(ख) विराम चिह्नों का परिचय

4. अलंकार की परिभाषा लिखते हुए उसके भेदों को उदाहरण सहित समझाइए । **14**

**अथवा**

संक्षेप में लिखिए :

(क) शृंगार और हास्य रस [उदाहरण सहित समझाइए ।]

(ख) रोला और हरिगीतिका [उदाहरण सहित समझाइए ।]

5. सूचनानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **14**

(अ) सही गलत की पहचान कीजिए :

(1) रसों में श्रृंगार रस को सर्वोपरि माना गया है ।

(2) अलंकारों को स्थूलत: तीन वर्गों में बाँटा गया है ।

(3) जिस छन्द में मात्राओं की गणना की जाती है, उन्हें मात्रिक छन्द कहते हैं ।

(4) पूर्ण अर्थ की प्रतीति कराने वाले शब्द या शब्दसमूह को वाक्य कहते हैं ।

(5) समास का शाब्दिक अर्थ है संक्षेप ।

(6) "कौन है ?" – वाक्य में 'कौन' पुरुषवाचक सर्वनाम है ।

(7) 'पानी' – द्रव्यवाचक संज्ञा है ।

(ब) योग्य विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(1) जहाँ वाक्य पूरा होता है, वहां ______ लिखना चाहिए । (अल्पविराम, पूर्ण विराम, अर्धविराम)

(2) लड़की _______ संज्ञा का शब्द है । (व्यक्तिवाचक, जातिवाचक, भाववाचक)

(3) जिस समास में कोई पद प्रधान नहीं होता, और जो अपने शब्दों से भिन्न किसी अन्य संज्ञा की विशेषता बताता है, उसे ________ समास कहते हैं । (द्वन्द्व समास, बहुव्रीहि समास, कर्मधारय समास)

(4) जो सर्वनाम प्रश्न पूछने के लिए प्रयुक्त हो, उसे _______ सर्वनाम कहते हैं । (पुरुषवाचक, प्रश्नवाचक, सम्बन्धवाचक)

(5) जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की संख्या सम्बन्धी विशेषता का बोध कराएँ, उन्हें _______ विशेषण कहते हैं । (परिमाणवाचक, संख्यावाचक, गुणवाचक)

(6) मैं निबन्ध <u>लिखता</u> हूँ । – वाक्य में 'लिखता' ________ क्रिया है । (सकर्मक, अकर्मक, द्विकर्मक)

(7) जब एक स्वर के साथ दूसरे स्वर का मेल होकर विकार उत्पन्न होता है उसे _______ संधि कहते हैं । (व्यंजन, विसर्ग, स्वर)

________